# गंगा एक्सप्रेसवे को केंद्र ने दी पर्यावरणीय अनुमति

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए केंद्र सरकार ने पर्यावरणीय अनुमति दे दी है। अब इस परियोजना को शुरू करने की अंतिम बाधा भी दूर हो गई है। अब यूपी सरकार इस परियोजना को जल्द शुरू कराएगी। इसे तीन साल में पूरा करने की तैयारी है।

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे को पर्यावरण मंजूरी मिल गई है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कर्मयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नए भारत का नया उत्तर प्रदेश हर गुजरते दिन के साथ तरक्की के नए आयाम छू रहा है!'

मंत्री नन्दी ने बताया की गंगा एक्सप्रेस-वे को पर्यावरण की मंजूरी मिलना, विकास परियोजनाओं को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उयह अवसर बेहद विशिष्ट है!

## इलेक्ट्रिक वाहन नीति जल्द लाई जाएगी: नन्दी

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा है कि अगले छह महीने में गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण शुरू हो जाएगा। वहीं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत 352 सुधारों पर अमल भी पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति भी लाई जाएगी।

मंत्री ने गुरुवार को निवेश प्रोत्साहन एवं एनआरआई विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की।